तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 8 अगस्त 2025



11 दुर्गम पहाड़ी पर पैदल चढ़ कर एसपी ने ग्रामीणों से...





12 उदंती में देवधारा जलप्रपात का मनमोहक...











**समस्या :** हर कदम पर जान का खतरा 10 पिल्हरो को कूदकर करते हैं आना-जाना

# अपनी जान जोखिम में डाल स्टॉप डेम को पार कर स्कूल जा रहे बच्चे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

शासन-प्रशासन की अनदेखी और लापरवाही का खामियाजा अब तहसील मुख्यालय मैनपुर के स्टॉप डेम मोहल्ले के स्कूली बच्चों को अपनी जान जोखिम में डालकर भुगतना पड़ रहा है। नदी पर रपटा (लो ब्रिज) नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में बच्चों और मोहल्लेवासियों को *स्टॉप डेम के क्षतिग्रस्त पिलरों पर कूद-फांद कर आना-जाना करना पड़ रहा है। गहराई 20 फीट से अधिक और पानी से भरे स्टॉप डेम के फिसलन भरे 3 फीट चौड़े पिलरों पर चलते हुए स्कूली छात्र-छात्राओं की जान हर पल खतरे में बनी रहती है। जरा सी चूक पर बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार *स्टॉप डेम वर्षों पहले बना था, जो अब पूरी तरह से टूटकर क्षतिग्रस्त हो चुका है। यह डेम ही मोहल्ले का एकमात्र रास्ता है, जिससे राशन, इलाज, स्कूल, और अन्य कार्यों के लिए आना-जाना होता है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।

### बारिश में उफनाई नदी फिर भी स्कूली बच्चों का सफर जारी

आज झमाझम बारिश के बाद जब मैनपुर नदी उफान पर थी, तब भी बच्चे स्कूल जाने के लिए पिलरों पर छलांग लगाते नजर आए। यह मंजर किसी बड़े हादसे को आमंत्रण दे रहा है, लेकिन स्थानीय प्रशासन अब तक मौन है।

### रपटा निर्माण की मांग अनसुनी

### जोखिम में डालकर स्कूल को मजबूर

जनपद सदस्य सुकंचंद ध्रुव ने कहा की स्टॉप डेम मोहल्ले के लोगों ने कई बार गुहार लगाई है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। रोज जान जोखिम में डालकर स्कूल जाना पड़ता है। यह गंभीर मामला है, प्रशासन को शीघ्र संज्ञान लेना चाहिए।

### लोग दे चुके हैं कई बार आवेदन

जनप्रतिनिधियों का भी कहना है कि मोहल्लेवासी कई बार रपटा निर्माण की मांग को लेकर आवेदन कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है।

### कई लोग हो चुके हैं घायल

पूर्व में भी स्टॉप डेम पार करते समय कई लोग फिसलकर गिर चुके हैं और हाथ-पैर तुड़वा चुके हैं। फिर भी प्रशासनिक चुप्पी चिंता का विषय बनी हुई है।

# नशा मुक्त अभियान के 5 वर्ष पूर्ण, जिले में जन-जागरूकता कार्यक्रमों की तैयारी तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य देश के सभी जिलों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरुकता फैलाना तथा समाज में नशा मुक्त वातावरण तैयार करना है। यह अभियान वर्ष 2020 में प्रारंभ किया गया था और इस वर्ष यह अपने पांच वर्ष पूर्ण कर रहा है जो अपने-आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। गत पांच वर्षों में यह अभियान देश के विभिन्न वर्गों विशेष रूप से युवा वर्ग, स्वयंसेवी संगठन, शिक्षण संस्थान, समुदाय और जनसामान्य को जोड़ते हुए, एक सशक्तजन आंदोलन के रूप में उभरा है। इस अवसर को चिह्नित करते हुए 13 अगस्त 2025 को भारत सरकार द्वारा दिल्ली में एक राष्ट्रीय स्तर का स्मारक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भौतिक तथा डिजिटल माध्यम से लगभग 3 करोड़ लोगों तक अपनी पहुँच बनाएगा। इस अवसर को सफल बनाने एवं जन-सहभागिता को सुनिश्चित करने विभाग द्वारा जरूरी निर्देश जारी किय गये है। इसके तहत नशामुक्ति के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का संचालन किया जायेगा।

### गतिविधियों को मोबाइल ऐप में किया जाएगा दर्ज

जारी निर्देशानुसार 31 अगस्त 2025 तक, विशेषतः 13 अगस्त 2025 को, स्कूली, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, कार्यालय एवं संस्थानो में नशा मुक्ति हेतु सामूहिक संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इन गतिविधियों को एनएमबीए मोबाइल ऐप में दर्ज किया जाएगा। जिला स्तरीय नशा मुक्ति समिति बैठक आयोजित करते हुए, सभी संबंधित विभागों, जनप्रतिनिधियों, गैर-सरकारी संस्थाओं तथा युवा संगठनों को अभियान में सहभागी बनाया जाएगा। इस दौरान विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों, युवा मंडलों, एनएसएस, एनवायके आदि के माध्यम से निबंध, चित्रकला, पोस्टर मेकिंग, नुक्कड़ नाटक, स्लोगन लेखन, रैली, संगोष्ठी इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जन-जागरुकता अभियान की गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देश दिए गए है। ताकि आम जनमानस तक इसका संदेश पहुंचे। जिले में संपूर्ण जनसहभागिता एवं प्रभावी प्रचार के साथ नशा मुक्त, स्वस्थ एवं सशक्त भारत के निर्माण हेतु सामूहिक प्रयास करने हेतु आवश्यक कदम उठाने तथा नशामुक्त भारत अभियान के शपथ लिंक को अधिक से अधिक शेयर कर आमजनों की भागीदारी सुनिश्चित कर ऑनलाईन प्रमाण पत्र जारी करने के भी निर्देश दिये गये है।

## खबर संक्षेप

### फिंगेश्वर में भाजपा मंडल कार्यशाला आज

**फिंगेश्वर।** हर घर तिरंगा,घर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल फिंगेश्वर द्वारा दिनांक 08 अगस्त को दोपहर 2 बजे स्थानीय



विश्राम गृह में मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया है।इस कार्यशाला में राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू बतौर मुख्य वक्ता शामिल होंगे। कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को अभियान की रूपरेखा, जिम्मेदारियां एवं कार्यक्रम संचालन की जानकारी दी जाएगी।मंडल अध्यक्ष, महामंत्रियों और प्रमुख पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। मंडल अध्यक्ष मंजुलता हरित ने बताया कि यह कार्यशाला शहर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा देने का कार्य करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में यह अभियान जनआंदोलन बन चुका है और हमें इसे घर-घर तक पहुंचाना है।बैठक मे सभी भाजपा कार्यकर्ताओ को उपस्थित रहने की अपील मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, महामंत्री प्रेमलाल टोडर एवं भुवन साहू ने की है।

### 10 हजार रिक्त पदों में भर्ती के लिए रोजगार मेला सितंबर में

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग एवं संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, छत्तीसगढ, रायपुर के अंतर्गत राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन सितंबर 2025 के प्रथम सप्ताह में रायपुर में किया जाना प्रस्तावित है। उक्त रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न सेक्टर जैसे-आईटी, कम्प्युटर, हॉस्पिटल, हॉस्पिटलिटी, फार्मेसी, सेल्स एवं मार्केटिंग, इंश्योरेंश, बैकिंग, फाईनेंस एकाउटिंग एवं सर्विस सेक्टर आदि के लगभग 10 हजार रिक्त पदो के लिए रोजगार मेला में भर्ती की कार्यवाही की जायेगी। रोजगार मेला में 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई डिप्लोमा, इंजीनिरिंग इत्यादि शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यताधारी आवेदक भाग ले सकते है। नियोजक एवं आवेदक दोनों के लिए पंजीयन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। सभी प्रतिभागियों को रोजगार विभाग के वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ईरोजगार डॉट सीजी डॉट जीओव्ही डॉट इन पर जाकर अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना होगा।

### रिटायर्ड पुलिस कर्मचारी की बाइक चोरी

**महासुंद।** बसना के बाजार से एक रिटायर्ड पुलिस कर्मी की बाइक चोरी हो गई। बसना पुलिस को गेरभांठा निवासी लक्ष्मण कुमार भोई ने बताया कि वह 12 जुलाई को अपने रिश्तेदार प्रफुल्ल कुमार साहू निवासी चट्टीगिरोला थाना सरायपाली के मोटर साइकिल स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी06जीएच3717 को लेकर बसना के बाजार आया था, जहां रामलाल डडसेना के ठेला के पास बाइक को खड़ी किया था। बाजार से वापस आने पर उक्त जगह पर बाइक नहीं थी। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# रसेला-छुरा मुख्य मार्ग चौड़ीकरण की मांग 30 साल से है अधूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



रसेला क्षेत्र के ग्रामीण पिछले तीन दशकों से सड़क निर्माण और चौड़ीकरण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक यह मांग पूरी नहीं हुई। छुरा से रसेला तक की 17 किमी लंबी सड़क की हालत इतनी खराब है कि बरसात में रास्ता जानलेवा बन जाता है। यह मार्ग पड़ोसी राज्य उड़ीसा को भी जोड़ता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि 30 वर्षों में छत्तीसगढ़ में कई सरकारें बदलीं, लेकिन किसी ने भी इस क्षेत्र की उपेक्षा नहीं छोड़ी। सड़क पर बने पुल-पुलिया जर्जर हो चुके हैं। कई बार हादसे हो चुके हैं, फिर भी जनप्रतिनिधि और प्रशासन ने इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। बारिश के दिनों में ढोडगा पुल पर पानी भरने से बच्चों का स्कूल जाना भी बंद हो जाता है, और बीमारों को अस्पताल ले जाना चुनौती बन जाता है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों सुखराम ठाकुर, बिमला नागेश, हेमलता नागेश, विजय कृष्ण नागेश, रवि मरकाम, संतराम नेताम, बालकराम ठाकुर सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत के बाद भी सिर्फ पीडब्ल्यूडी द्वारा मामूली मरम्मत कर इतिश्री कर ली जाती है।

अब जबकि प्रदेश में भाजपा की सरकार है, ग्रामीणों को उम्मीद है कि सड़क निर्माण की उनकी दशकों पुरानी मांग पूरी होगी, वरना उनका कहना है कि आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।



### मछली पकड़ने का देशी जाल चोरिया

**मैनपुर।** आज बारिश के साथ ही मछली पकड़ने का देशी जाल जिसे चोरिया कहते है इसे खेत के मेड़ो लगाकर मछली पकड़ा जाता है एक ग्रामीण बुजुर्ग चोरिया लेकर जाते दिखे।

# राजीव लोचन कॉलेज राजिम में हुआ इंडक्शन कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा के निर्देशन एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) प्रकोष्ठ के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को एनईपी-2020 के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। छात्रों को क्रेडिट सिस्टम, 3 एवं 4 वर्षीय डिग्री प्रोग्राम, कोर्स चयन, आंतरिक मूल्यांकन, अटेंडेंस की महत्ता, और असाइनमेंट, आंतरिक मूल्यांकन प्रणाली जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. भानु प्रताप नायक ने छात्राओं को शीघ्र ही जीई, विषयों के चयन एवं अइउ निर्माण की प्रक्रिया पूर्ण करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी बताया कि सितंबर माह के द्वितीय सप्ताह में आंतरिक मूल्यांकन ▶▶| शेष पेज 10 पर

# व्यापारियों को स्वदेशी राखियाँ वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



लोकल फॉर वोकल अभियान को प्रोत्साहित करते हुए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के जिला अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा ने स्थानीय व्यापारियों को महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित राखियाँ वितरित कीं। इस अवसर पर उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि रक्षाबंधन पर्व पर चीन निर्मित राखियों का बहिष्कार करते हुए स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें। इस दौरान चेंबर मंत्री विनय दासवानी भी उनके साथ मौजूद रहे। प्रकाश रोहरा ने कहा कि स्थानीय समूहों द्वारा निर्मित राखियों को बढ़ावा देने ▶▶| शेष पेज 10 पर

# सोनेसिल्ली में एनएसएस व ग्रामीणों ने रोपे सैकड़ों पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



ग्राम सोनेसिल्ली में राष्ट्रीय सेवा योजना फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय व ग्रामीणों के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय परिसर, शीतला तालाब के किनारे वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों पौधों अशोक, पीपल, आम, जामुन, कटहल, गुड़हल, नीम, बरगद, सीताफल, गुलमोहर रोपित किया गया। सरपंच अजय साहू ने कहा कि वृक्षो का संरक्षण करें, हरे भरे वृक्षों की कटाई रोकना चाहिए, इस हेतु वृक्ष अवश्य लगाएं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्वयं सेवको ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। स्वयंसेवको ने एक रैली के माध्यम से ग्राम सोनेसिल्ली के निवासियों को पेड़ो के महत्व को बताया। साथ ही घर घर जाकर स्वछता का पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम में डॉ आर. के. रजक ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार है उनका संरक्षण संवर्धन सभी का दायित्व है हजारों वर्षों तक जीवित रहने वाले वृक्ष हमारे कई पीढ़ियों को जीवन प्रदान करते हैं प्रकृति ने हमें निःशुल्क उपहार के रूप में हमें दिया है हम अपने दायित्वों को समझे। इस गरिमामयी कार्यक्रम में सरपंच अजय साहू, उपसरपंच ताराचंद साहू , गणेश प्रसाद साहू प्रधानपाठक, अरुण साहू पंच, ▶▶| शेष पेज 10 पर

## 50 से ज्यादा गांवों में बिजली बंद, सतीनदी में बाढ़ से आवागमन थमा

# एक सप्ताह बाद झमाझम बारिश, किसानों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के लोग पिछले एक सप्ताह से बारिश अचानक थम जाने से उमश गर्मी के साथ ही किसान परेशान हो गये थे खेतो में बड़े –बड़े दरारे आ गई थी और रोपा बियासी का कार्य थम गया था लेकिन आज गुरूवार को सुबह से क्षेत्र में झमाझम बारिश के चलते जहां एक ओर गर्मी से राहत मिली वही दूसरी ओर किसानो के चेहरे में मुस्कान देखने को मिला खेती किसानी का कार्य जो रूक गया था अब तेजगति से प्रारंभ होगा तो वही मैनपुर क्षेत्र में खण्ड वर्शा की स्थिति देखने को मिली। मैनपुर नगर और 25 से 30 किमी एरिया में जबरदस्त बारिश हुई तो बाकी क्षेत्र में हल्का बूंदाबांदी ही देखा गया।

**मैनपुर क्षेत्र के 50 से ज्यादा गांवो में बिजली बंद-** झमाझम बारिश के कारण देवभोग झरियाबाहरा बिजली के मुख्य लाइन में रात में दो स्थानो पर पेड़ गिर गया जिसके कारण गरियाबंद सढौली से सप्लाई प्रारंभ किया गया था लेकिन सढौली सप्लाई में भी बिजली के तार पर पेड़ और टहनिया गिरने के कारण बिजली सप्लाई दोपहर 2 बजे से मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के 50 ▶▶| शेष पेज 10 पर





### नदी नालों में बाढ़ सतीनदी के ऊपर से पानी चलने से आवागमन बंद

मैनपुर क्षेत्र के कई नदी नालो में आज बाढ़ की स्थिति देखने को मिली और बहुत दिनो बाद बारिश होने के कारण जहां चेहरे में मुस्कान देखा गया तो वही आमदी, दर्रीपारा, कोसमी मार्ग में सतीनदी के ऊपर पानी चलने के कारण आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया नदी के दोनो ओर लंबी काफिला लगी हुई है पानी का बहाव कम होने के बाद आवागमन सुचारू हो पायेगा।

# कुलेश्वर महाविद्यालय के कार्यक्रम में विधायक इंद्रकुमार हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

विधायक इंद्रकुमार साहू सोमवार को श्रीकुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय मे आयोजित विभिन्न कार्यक्रम मे सम्मिलित हुए। जहाँ सर्वप्रथम वे महाविद्यालय परिषर मे स्थापित भगवान श्री कुलेश्वर महादेव शिवलिंग पर श्रावण माह के अंतिम सप्ताह के अवसर पर आयोजित रुद्राभिषेक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उक्त आयोजन पंडित संतोष शर्मा द्वारा सम्पादित किया गया। जिसके बाद विधायक इंद्रकुमार साहू ने एक पेड़ माँ के नाम पर महाविद्यालय परिसर मे वृक्षारोपण किया गया. तत्पश्चात उन्होंने महाविद्याले डिजिटल क्लास रूम का उद्घाटन भी किया. इस अवसर पर उन्होंने कहाकि शासकीय महाविद्यालय मे विकास कार्य को ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### पतेरापाली में शिक्षक-पालक सम्मेलन हुआ

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला पतेरापाली में शिक्षक-पालक सम्मेलन एवं द्वितीय त्रैमासिक विद्यालय प्रबंधन समिति (सीएमसी) बैठक का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान पाठक कमल नारायण यादव ने की। विद्यालय में मेरा पालक– मेरा अभिमान थीम पर सेल्फी जोन का निर्माण किया गया, जहां पालकों ने अपने बच्चों के साथ तस्वीरें लीं। प्रेरक पोस्टर, सजावट और रंगीन वातावरण के माध्यम से उत्सवमय माहौल बना। पालकों को दीक्षा ऐप, ई-जादुई पिटारा एवं एफएलएन मिशन के बारे में जानकारी दी गई और डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में अनेक चर्चा बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठक कमल नारायण यादव ने सभी उपस्थित पालकों, समिति सदस्यों एवं अतिथियों का आभार प्रकट किया।

### श्याम स्कूल में छात्र परिषद का गठन

**महासमुंद।** श्याम उमावि में शिक्षण सत्र 2025-26 विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में सहभागिता के लिए छात्र परिषद का गठन प्रवीण्यता के आधार पर किया गया। जिसमें छात्र परिषद शाला नायक लिमेश दीवान कक्षा 12वीं, उपाध्यक्ष चंचल उइके, सचिव अंतुमा आसफिया 10वीं, सह सचिव पलक साहू कक्षा 9वी, क्रीड़ा प्रभारी देवेंद्र जगत, हर्षित, चंदानी, अनुशासन प्रभारी तन्नू मनिकपुरी, मीनाक्षी निषाद, दीपेश ध्रुव, सांस्कृतिक प्रभारी हिमांशी वैष्णव, रेश्मी पाल शामिल है। समस्त मनोनित पदाधिकारियों को सफल उत्तरदायित्वों को निर्वाहन करने संस्थापक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, प्राचार्य तेजबहादुर सिंह, प्राधानाचार्य मीना राजपूत, छात्र परिषद प्रभारी मति अग्रीमा अग्रवाल, अमित लामा एवं समस्त शिक्षकों ने किया प्रेरित किया। उक्त जानकारी विद्यालय मिडिया प्रभारी मीना सिंग राजपूत ने दी है।



## निधन

### भोला राम चंद्राकर



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक भोला राम चंद्राकर का निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। वे माया राम चंद्राकर के बड़े भाई, रामधन चंद्राकर, हरिशंकर चंद्राकर, नरेश चंद्राकर, मोहन चंद्राकर के पिता थे। 7 अगस्त को ग्राम खरोरा के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

# पिथौरा के शासकीय महाविद्यालय में हुई पत्रकारिता प्रशिक्षण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)





जनसंचार की दुनिया से रूबरू हुए कॉलेज के विद्यार्थी

शासकीय चंद्रपाल डड़सेना महाविद्यालय पिथौरा में एमए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को पत्रकारिता और जनसंचार की बारीकियों से परिचित कराने के लिए एक विशेष इंटरशिप कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकारों ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और पत्रकारिता के व्यावहारिक पक्षों की जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। मंच पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शबनूर सिद्दीकी, हिंदी विभागाध्यक्ष बीएस विशाल, डॉ एसएस तिवारी, डॉ एसएस दीवान, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सीमा अग्रवाल, ग्रंथपाल जितेंद्र पटेल, अतिथि शिक्षक रामकुमार रविदास एवं सुनीता पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकार ललित मुखर्जी ने विद्यार्थियों को पत्रकारिता की मूल अवधारणाओं से परिचित कराते हुए कहा कि किसी भी समाचार की प्रस्तुति में उल्टा पिरामिड सिद्धांत की अहम भूमिका होती है, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण जानकारी पहले दी जाती है। उसके बाद क्रमशः विवरण और पृष्ठभूमि को रखा जाता है। उन्होंने समाचार के छह प्रकार कब, कहां, कौन, क्या, क्यों और कैसे की व्याख्या करते हुए बताया कि इन्हीं तत्वों से एक संपूर्ण समाचार की रचना होती है। उन्होंने यह भी बताया कि पत्रकारिता केवल सूचना देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज को जागरूक करने, सच्चाई सामने लाने और जिम्मेदार नागरिक बनाने का कार्य भी करती है। संचार और जनसंचार की परिभाषा, उनके माध्यम, और बदलते समय में सोशल मीडिया की भूमिका पर भी उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया।

पत्रकार संतोष गुप्ता ने अपने अनुभव साझा करते हुए जनसंचार के ऐतिहासिक विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हम कबूतर से लेकर गूगल तक की यात्रा में आ चुके हैं, लेकिन आज भी संदेश का भरोसेमंद और सत्य होना सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने फेक न्यूज़ की पहचान, उसके दुष्परिणाम और इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में हर व्यक्ति रिपोर्टर बन चुका है, लेकिन सच्ची पत्रकारिता वही है जो तथ्य, निष्पक्षता और सामाजिक उत्तरदायित्व के आधार पर की जाए। उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया की खबरों की पुष्टि करने, आधिकारिक स्रोतों से जानकारी लेने और अफवाहों से सतर्क रहने की सलाह दी। गुप्ता ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब भी दिया। पत्रकार गौरव चंद्राकर ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के क्षेत्र में अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि रिपोर्टर सिर्फ खबर नहीं बनाता, वह जनता की आंख और कान होता है। उन्होंने ग्राउंड जीरो रिपोर्टिंग, कैमरा और माइक के साथ फील्ड में जाकर समाचार संकलन करने की चुनौतियों और जिम्मेदारियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि एक रिपोर्टर को खबरों की वास्तविकता की जांच (फैक्ट चेकिंग), स्रोत की विश्वसनीयता और आपातकालीन स्थितियों में सूझबूझ के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने लाइव रिपोर्टिंग, ब्रेकिंग न्यूज़ की प्रक्रिया और न्यूज़ रूम की कार्यप्रणाली पर भी रोचक जानकारी दी। इस इंटरशिप कार्यशाला में एमए अंतिम वर्ष के 50 विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यार्थियों ने पत्रकारिता के क्षेत्र में नई जानकारी प्राप्त की और व्यावहारिक अनुभवों से बहुत कुछ सीखा।

## आयोजन: महासमुंद में विश्व स्तनपान सप्ताह पर कार्यक्रम का आयोजन

# स्तनपान केवल प्राकृतिक प्रक्रिया नहीं, शिशु के संपूर्ण विकास की नींव: देवकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में सेजेस महासमुंद में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर बुधवार को जागृति शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास विभाग के सभापति देवकी पटेल एवं अध्यक्ष के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी शामिल हुए। इस अवसर पर नगर पालिका के पार्षदगण एवं विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवकी पटेल ने कहा कि स्तनपान केवल एक प्राकृतिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह शिशु के सम्पूर्ण मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक विकास की नींव है। माताएं अपने बच्चों को 6 माह तक केवल स्तनपान कराएं और इसके बाद पोषणयुक्त पूरक आहार देना शुरू करें। इससे बच्चे कुपोषण से दूर रहते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि जागरूकता शिविर के माध्यम से माताओं को यह बताया जाना आवश्यक है कि शिशुवती माताओं को अपने शिशु को जन्म के पश्चात ही मां का दूध पिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न कार्यक्रम किया जाएगा, जो कि एक अच्छी पहल है। कार्यक्रम में 3 गर्भवती माताओं का गोद भराई एवं 3 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्वास्थ्य वर्धक पूरक पोषण आहार का प्रदर्शन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से समुदाय में महिलाओं और परिजनों को पोषण के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजीव पांडेय मौजूद थे। महासमुंद शहरी परियोजना की अधिकारी शैल नाविक ने कहा कि स्तनपान केवल बच्चे को पोषण नहीं देता, बल्कि मां और शिशु के बीच गहरा भावनात्मक संबंध भी स्थापित करता है। यह बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और मां को भी कई बीमारियों से बचाता है। सुपरवाइजर शीला प्रधान एवं ग्रामीण परियोजना की सुपरवाइजर ने बताया कि इस सप्ताह के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न गतिविधियां जैसे रैली, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला प्रतियोगिता आदि आयोजित की जाएंगी, जिससे समुदाय में स्तनपान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इस अवसर पर विभाग की ओर से पोषण पर आधारित जानकारी दी गई और उपस्थित महिलाओं को स्तनपान एवं शिशु आहार के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।

### करणी कृपा पावर प्लांट को तत्काल बंद करने की मांग



**महासमुंद।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देश में गठित कृषि विभाग जांच टीम द्वारा ऐसे अवैध करणी कृपा पावर प्लांट को भाजपा के सदस्य व किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने तत्काल बंद करने की मांग की है। तुषार ने कहा कि ग्राम खैरझिटी के किसानों द्वारा 05 अगस्त को कलेक्टर को जन दर्शन में करणी कृपा स्टील पावर प्लांट के धुआं से फसलों का नुकसान होने की शिकायत की गई। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण करने पर शिकायत सही पाया गया। स्थल पर पंचनामा तैयार किया गया। किसानों ने बताया कि फसल पकने के समय बाली पूरी तरह काला हो जाता है, जिससे सरकारी समितियां में धान खरीदी करने में मना किया जाता है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया वर्तमान में काला डस्ट एक से डेढ़ फीट खेतों में जमा है, जो जांच में सही पाया। शासन प्रशासन नोटिस- नोटिस का खेल खेलना बंद करें और अवैध प्लांट को बंद कर देना चाहिए।

## महर्षि विद्या मंदिर में सामूहिक सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



**महासमुंद।** महर्षि आध्यात्मिक जनजागरण अभियान आज के युग में एक अनूठा प्रयास है, जिसका उद्देश्य हर व्यक्ति को अपने भीतर की दिव्यता से जोड़ना है। वेदविद्या मार्तण्ड ब्रह्मचारी गिरीश के आशीर्वाद से यह अभियान 25 अगस्त 2023 को प्रारंभ हुआ। इसका मूल भाव है कि हमारी प्राचीन वैदिक परंपरा, गुरु परंपरा और महर्षि महेश योगी की ध्यान परंपरा को समाज के हर वर्ग तक सरलता से पहुंचाया जाए। इसी कड़ी में महर्षि विद्या मंदिर मचेवा महासमुंद में सामूहिक सुंदर कांड एवं हनुमान चालीसा पाठ का गायन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं अभिभावक सम्मिलित हुए। महर्षि महेश योगी एवं तपोनिष्ठ वेदविद्या मार्तंड ब्रह्मचारी गिरीश के दिव्य आशीर्वाद से यह आध्यात्मिक ज्योति विद्यालयों के माध्यम से समाज के जनमानस तक पहुंच रही है। इस पवित्र अभियान में शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों द्वारा प्रदर्शित निष्ठा, सहयोग और समर्पण अत्यंत सराहनीय है। यह हमारी जीवंत गुरु परंपरा की शक्ति को दर्शाता है और विद्यार्थियों को महर्षि परंपरा के मूल जीवन मूल्यों को आत्मसात कराने में सहायक बन रहा है। इस अभियान के अंतर्गत महर्षि विद्या मंदिर विद्यालयों में गुरु परंपरा पूजन, हेमाद्रि संकल्प, ध्यान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का पाठ तथा रामचरितमानस के अंश का गायन श्रद्धा और दिव्यता के वातावरण में हो रहा है। विद्यालय परिसर इन आध्यात्मिक गतिविधियों से नई ऊर्जा, अनुशासन और एकात्मता से ओतप्रोत हो रहा है। इस कार्यक्रम में संगीत शिक्षिका भीमेश्वरी साहू द्वारा तैयार विद्यार्थियों ने भी अपनी संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस पवित्र अभियान में विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों द्वारा प्रदर्शित निष्ठा, सहयोग और समर्पण अत्यंत सराहनीय है। संस्था के प्राचार्य आरके तिवारी ने आव्हान किया कि सभी के समर्पित योगदान और निष्ठा से हम सब मिलकर महर्षि परंपरा की इस पवित्र ज्योति को घर-घर तक पहुंचाएं और समाज को आध्यात्मिक चेतना व वैदिक ज्ञान से आलोकित करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के शिक्षकों एवं अन्य सभी का योगदान रहा।

# नगर पंचायत पिथौरा में आवारा गोवंश और सड़क सुरक्षा को लेकर नई मुहिम की हुई शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नगर पंचायत पिथौरा ने एक सराहनीय और अभिनव पहल करते हुए आवारा घुमंतू गोवंश की सुरक्षा के साथ-साथ आम नागरिकों की सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है। पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से नगर क्षेत्र में कुल 45 गोवंशों को रेडियम बेल्ट पहनाया गया और 90 गोवंशों को टैग किया गया है ताकि उनकी पहचान और निगरानी आसान हो।

यह अभियान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर चलाई जा रही है, जिसकी सीएमओ बिरजू सोनबर द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। इस अभियान के तहत एक विशेष निगरानी दल भी गठित किया गया है, जिसका नेतृत्व नोडल अधिकारी रूपलाल सिन्हा, प्रभारी अधिकारी नितिन सिंह, सफाई दरोगा एवं चार कर्मचारी कर रहे हैं। यह दल मुख्य रूप से बस स्टैंड, गार्डन चौक, बार चौक, लहरौद पड़ाव और रामकुमार राजपूत मार्ग क्षेत्र में प्रभावी निगरानी कर रहा है। रेडियम बेल्ट विशेष रूप से रात्रि समय में वाहनों को गोवंश की उपस्थिति का संकेत देती है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में गिरावट की संभावना है। साथ ही, टैगिंग के ज़रिए गोवंशों की निगरानी और मालिकों की पहचान सुनिश्चित की जा रही है।

नगर पंचायत ने यह भी फैसला लिया है कि यदि कोई भी गोपालक अपने पशुओं को आवारा अवस्था में सड़क पर छोड़ता है, और वह पशु पकड़ा जाता है, तो गोपालक पर एक हजार रुपए जुर्माना लगाया जाएगा। इस दंडात्मक प्रावधान से पशुपालकों में ज़िम्मेदारी की भावना विकसित होगी। जनता और गौवंश दोनों की सुरक्षा यह पहल केवल गोवंश की ही नहीं, बल्कि नागरिकों की भी सुरक्षा सुनिश्चित करती है। सड़क पर मवेशियों के अनियंत्रित विचरण से होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए यह एक प्रभावी कदम है।

## दाबपाली स्कूल में हुई पालक-शिक्षक बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

बागबाहरा विखं के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबपाली में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, उपस्थिति तथा समग्र विकास पर चर्चा हुई। बैठक में प्रधान पाठक शिक्षक एवं पालकगण के साथ सरपंच गेस पटेल, हेमसिंग परमार नोडल, फूलकुमार बढ़ई, संकुल समन्वयक गुरुदत्त पटेल ने सहभागिता कर बच्चों की पढ़ाई, व्यवहार तथा स्कूल की व्यवस्थाओं के संबंध में अपनी राय एवं सुझाव शिक्षकों द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी की प्रगति रिपोर्ट के अलावा मत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हुई। इस दौरान विद्यालय के प्रधान पाठक द्वारा पालकों को नए शैक्षणिक सत्र की योजनाओं, गतिविधियों तथा शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक बताया। साथ ही पालकों से अपील की गई कि वे बच्चों की पढ़ाई में निरंतर रुचि लें। पालकों ने सराहना करते हुए भविष्य में भी नियमित रूप से बैठकों में सम्मिलित होने की इच्छा जाहिर की गई।

# हरियर महासमुंद बनाने की दिशा में नपाध्यक्ष व पार्षदों ने डिवायडरों में किया विद्या पत्ती का रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



पीआईसी बैठक में पारित पूर्व प्रस्ताव अनुसार नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने तथा नगर सौंदर्यीकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए नगर पालिका निखिलकांत साहू की पहल पर एनएच-353 खरोरा से सितली नाला तक तथा नेहरू चौक से रेलवे स्टेशन तक गुरुवार को विद्या पत्ती पौधे का रोपण किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू तथा समस्त सभापति गणों व पार्षदों ने पूजा-अर्चना कर पौधरोपण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि हरियर महासमुंद बनाने की दिशा में मुख्य मार्ग तथा अन्य मार्गों में निर्मित डिवायडरों में विद्या पत्ती के पौधे का रोपण किया जा रहा है। इससे मार्ग की सुंदरता बढ़ेगी तथा रात में आवागमन करने वाले वाहन चालकों को वाहनों के तेज रोशनी से राहत मिलेगी। यह पौधा अधिकांशतः घरों में सजावट के रूप में लगाया जाता है। इससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। शहर भी हमारा घर जैसा है और यहां के लोग हमारा परिवार है। घर की तरह नगर का ख्याल रखना हम सब की जिम्मेदारी है। नगर के प्रमुख मार्गों के डिवायडरों में यह पौधा लगने से शहर में सकारात्मकता का संचार होगा।

इस अवसर पर सभापतिगण ज्योति रिंकू चंद्राकर, जयकुमार देवांगन, जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा, धनेश्वरी सोनवानी, सुनैना पप्पू ठाकुर, जरीना हफीज कुरैशी, माखन पटेल, नीरज चंद्राकर, भाऊराम साहू, पीयूष अमृत साहू, चंद्रशेखर बेलदार व नगर के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पेज 9 के शेष...

### राजीव लोचन कॉलेज...

का आयोजन किया जाएगा, अतः समस्त छात्र नियमित कक्षाओं में उपस्थित रहें। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एम एल वर्मा ने कहा कि छात्रों को नई शिक्षा नीति की सही जानकारी होना आवश्यक है, ताकि वे स्वयं के साथ-साथ अपने मित्रों एवं परिजनों को भी इस नीति की विशेषताओं से अवगत करा सकें। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मतावले, क्षमा शिल्पा चौहान, प्रो. चित्रा खोटे, डॉ. राजेश बघेल, आकाश बाघमारे, योगेश तारक, डॉ. देवेंद्र देवांगन, तामेश्वर मारकंडे, प्रो. मनीषा भोई एवं समस्त अतिथि व्याख्याता उपस्थित रहे। कार्यक्रम उपरांत सभी शिक्षकगणों ने विभिन्न कक्षा एवं संकाय वार विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें पाठ्यक्रम एवं शैक्षणिक प्रक्रिया से अवगत कराया।

### व्यापारियों को स्वदेशी...

से स्वदेशी व्यापार को बल मिलेगा और महिलाओं को रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में नई राह मिलेगी। उन्होंने दुकानदारों से आग्रह किया कि वे इन राखियों को अपनी दुकानों में प्रमुख स्थान दें और ग्राहकों को भी /"वोकल फॉर लोकल/" अभियान से जोड़ें।

उन्होंने बताया कि यह अभियान कैट के राष्ट्रीय नेतृत्व के आव्हान पर चलाया जा रहा है। त्योहारों के समय स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर हम न केवल देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बना सकते हैं, बल्कि स्थानीय कारीगरों और प्रतिभाओं को भी उचित मंच प्रदान कर सकते हैं।

### सोनेसिल्ली में एनएसएस...

महेश साहू, काशी राम यादव, समय लाल साहू प्रधान पाठक, रामकुमार (मुन्ना) महाविद्यालय के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सहित 32 स्वयं सेवकों की गरिमामय उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम ग्रामीण जिला संगठक रायपुर डॉ आर के रजक के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

### एक सप्ताह बाद झमाझम...

से ज्यादा गांवों में बद हो गईं है जिसके कारण लोगों को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है देर शाम समाचार लिखे जाने तक बिजली व्यवस्था में सुधार नही हो पाया है। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारी संजीव बंजारे ने बताया दोनो तरफ बिजली के मुख्य लाइन में फाल्ट आ गई है दैनिक कर्मचारी हड़ताल पर है बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी स्वयं जंगल के भीतर बिजली के फाल्ट ढुंढ रहे है जल्द सुधार किया जायेगा।

### कुलेश्वर महाविद्यालय...

प्राथमिकता प्रदान की जाएगी, यहाँ अध्ययनरत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए हर सम्भव प्रयास किया जायेगा. इस दौरान विधायक के साथ सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मुकेश ढीढी, जनपद पंचायत सभापति वर्षा मिश्रा, नवापारा भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, शासकीय निकाय में नियुक्त जनभागीदारी अध्यक्ष जीना सुजीत निषाद, सांसद प्रतिनिधि अशोक गंगवाल विधायक प्रतिनिधि राजू रजक , पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी(संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, प्राचार्य मधुरानी शुक्ला, मण्डल उपाध्यक्ष धीरज साहू, फेकनू साहू, सुजीत निषाद, शिवा साहू, ईश्वर देवांगन, देवेंद्र सेन, मनीष चौधरी, अग्नि यादव सहित अन्य पार्टी कार्यकत्रा, महाविद्यालयीन स्टॉफ विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### संतराम को सेवानिवृत पर दी गई विदाई

**नवापारा-राजिम।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानिकचौरी में वरिष्ठ व्याख्याता संतराम सोनबरसा के सेवानिवृत होने पर संकुल स्तरीय विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया था। अपने शिक्षककीय जीवन के दौरान सबसे अधिक 40 वर्ष उन्होंने प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, व उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, ग्राम मानिकचौरी में एक शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दी। उपस्थित अतिथियों नें उनके दीर्घकालीन सेवा के दौरान किये गए शैक्षणिक व सामाजिक उपल्बधियो, व्यवहार, अनुशासन,एवं कर्तव्यनिष्ठा को याद कर उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। इस अवसर पर व्याख्याता संतराम सोनबरसा नें ग्राम मानिकचौरी के सभी वरिष्ठ लोंगो को स्मरण करते हुए ग्रामवासियों द्वारा किये गये सहयोग के लिए धन्यवाद दिया साथ ही स्कूल में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू के अनुकरणीय एवं उल्लेखनीय योगदान तथा उनके ही आशीर्वाद व प्रेरणा से उनके गृह ग्राम मानिकचौरी, अभनपुर में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी के रुप में कार्य करने का अवसर मिलनें पर उनके प्रति आभार, कृतज्ञता ज्ञापित किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष पंडित गोविन्द प्रसाद तिवारी, शाला परिवार, ग्राम पंचायत, छात्र छात्राओं अन्य लोंगो नें अभिनन्दन पत्र, स्मृति चिन्ह, उपहार साल श्रीफल भेंट कर भाव विभोर होकर उनके गृह ग्राम टोकरो तक पहुंचाया। इस आयोजन में प्रमुख से तहसीलदार एन. एल. साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू, सरपंच हेमलता साहू, पूर्व सरपंच बुद्धेश्वर साहू, प्रभारी प्राचार्य एस. एल.साहू, वरिष्ठ व्याख्याता शेखर साव, पूर्व सरपंच मधुसूदन धृतलहरे, राकेश सोनबरसा, लखन साहू, रमेश साहू, सेवाराम साहू, तुलसीदास डीडी, रामप्रसाद बंदे, मोहिनी ध्रुव, प्रीति साहू, कमलेश्वरी यादव, भावना साहू, लक्ष्मी चंद्राकर, सविता भारती, व्यासनारायण सोनबरसा, शोभाराम साहू, सत्यप्रकाश साहू, रामखेलावन साहू, महेंद्र ढीढी,शीतल साहू, सहित संकुल, मानिकचौरी, टोकरो के समस्त शिक्षकगण, उपस्थित थे।

### आदर्श रामायण मंडली के तत्वाधान में महारुद्राभिषेक



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड के अमलीपदर में श्रावण मास के उपलक्ष में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आदर्श रामायण मंडली के तत्वाधान में महा रुद्राभिषेक का आयोजन दुर्गा मंदिर प्रांगण विराजमान सिद्ध शिवलिंग में महारुद्राभिषेक किया गया। जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य पंडित युवराज पांडेय के द्वारा शुक्ल यजुर्वेदी वेद मंत्रों के द्वारा भगवान शिव के पार्थिव शिवलिंग की पूजा अर्चना किया गया। जिसमें मुख्य टीकम सिन्हा और उनकी धर्मपत्नी भुमिका सिन्हा रहे।जिसमें ग्राम के समस्त नर नारी एवं आदर्श रामायण मंडली के सदस्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। पंडित युवराज पांडेय ने बताया की पवित्र श्रावण मास में किया गया महारुद्राभिषेक अत्यंत फल दाई होता है और उसमें भी यदि प्रदोष व्रत पड़ जाए तो सिद्धकारी होता है। भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होने वाले भगवान हैं मनुष्य को महादेव की आराधना करनी ही चाहिए। पवित्र श्रावण मास में किया गया जलाभिषेक महादेव को अत्यंत प्रिय है । जीव शिव की पुजा अर्चना कर भुक्ति मुक्ति प्राप्त करता है। शिव नाम ही कल्याणकारी है । इस तरह धर्म नगरी अमलीपदर में सहस्त्रधारा सहित महादेव का जलाभिषेक किया गया।

---

**पहल : ग्राम भालूडिग्गी पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों की समस्या सुनी**

# दुर्गम पहाड़ी पर पैदल चढ़ कर एसपी ने ग्रामीणों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी बहुल विकासखंड मैनपुर के दुर्गम पहाड़ी गांव भालू डिग्गी में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई, जब जिले के युवा पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा अचानक ग्रामीणों के बीच पहुंचे। नक्सल प्रभावित इस क्षेत्र में एसपी का यह दौरा ऐतिहासिक माना जा रहा है, क्योंकि आज़ादी के बाद से आज तक कोई भी वरिष्ठ अधिकारी या जनप्रतिनिधि इस गांव तक नहीं पहुँचा था।

एसपी राखेचा मैनपुर थाना क्षेत्र के कुल्हाड़ीघाट तक वाहन से पहुंचे, फिर 12-13 किलोमीटर की खड़ी और फिसलन भरी पहाड़ी चढ़ाई पैदल तय कर करीब 6-7 घंटे में भालू डिग्गी पहुंचे। वहां उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके साथ भोजन भी किया। ओडिशा सीमा से सटे इस गांव को कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। आज भी यहां न सड़क है, न बिजली, न पानी और न ही स्वास्थ्य-सुविधाएं। हैंडपंप तक नहीं हैं, बच्चे झोपड़ियों में पढ़ते हैं और राशन के लिए लोग घोड़े पालते हैं। इस जमीनी हकीकत के बावजूद एसपी राखेचा का साहसिक दौरा ग्रामीणों के लिए आशा की नई किरण लेकर आया।



**जरूरत है शासन की ठोस पहल की**

भालू डिग्गी और आसपास के दर्जनभर गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। यह प्रशासन और शासन के लिए गंभीर चिंता का विषय है। एसपी राखेचा की पहल ने यह स्पष्ट कर दिया कि *राज्य की उपेक्षित सीमाओं तक प्रशासन को पहुंचना ही होगा।

**पहली बार सिविक एक्शन कार्यक्रम में ऐसी भागीदारी-** यह पहला अवसर था जब सिविक एक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत किसी जिले के एसपी ने इतना दूर, जोखिमभरे क्षेत्र में जाकर आमजन से सीधा संवाद किया। पुलिस टीम अपने साथ स्कूली बच्चों के बैग, साड़ियां, छाते, टॉर्च और दैनिक उपयोग की कई सामग्री लेकर गई, जिन्हें ग्रामीणों को वितरित किया गया।

**जनसेवा की नई मिसाल-** ग्रामीणों ने पुलिस टीम का स्वागत खुले दिल से किया और इस विश्वास की सराहना की कि पुलिस सिर्फ कानून लागू करने वाली संस्था नहीं, बल्कि जनसेवक भी है।

**नक्सलियों पर कार्रवाई का सफल परिणाम-** भालू डिग्गी क्षेत्र में इसी वर्ष जनवरी में माओवादी सेंट्रल कमेटी सदस्य चलपति समेत 16 नक्सली सुरक्षा बलों द्वारा मुठभेड़ में ढेर किए गए थे। यह कार्रवाई एसपी राखेचा की रणनीति का ही हिस्सा थी।

**पुलिस आपके साथ है-** ग्रामीणों से संवाद करते हुए एसपी राखेचा ने कहा की नक्सली भोले भाले ग्रामीणों की भावनाओं का फायदा उठाते हैं, लेकिन अब पुलिस प्रशासन हर गांव तक पहुँचेगा। शासन की योजनाओं से जोड़ने, सुरक्षा का एहसास दिलाने और जनता का विश्वास जीतना ही हमारा उद्देश्य है।

---

# कलेक्टर, एसपी से नपा अध्यक्ष ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव कलेक्टर बी एस उइके एवं एसपी निखिल राखेचा से सौजन्य मुलाकात किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से भी मिले। गरियाबंद कलेक्टर से मुलाकात के दौरान नगर अध्यक्ष महेश यादव ने गौ माता की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता जताते हुए नगर में भव्य गौशाला बनाने की मांग की है, ताकि गौ माता कोई इधर-उधर भटकने की जरूरत ना पड़े। साथ ही नगर के हृदय स्थल पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक को भव्य और सुंदर बनाने मैं सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। नगर अध्यक्ष महेश यादव ने गरियाबंद पुलिस अधीक्षक से मुलाकात के दौरान नगर में अपराध को कम करने, यातायात को व्यवस्थित करने, ट्रैफिक पुलिस की मांग संबंधी अनेक विषय पर चर्चा किया। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मुलाकात के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजिम में डॉक्टर की कमी को चिंता जाहिर करते स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति करने संबंधी अपनी बात रखें। नगर अध्यक्ष और पार्षदों की टीम द्वारा गरियाबंद जिला के तीनों अधिकारियों से नगर के विकास संबंधी अनेक विषयों पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा किया गया। साथ ही तीनों अधिकारियों द्वारा नगर विकास में हर प्रकार से सहयोग करने का विश्वास जन प्रतिनिधियों को दिलाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति भारत यादव, आकाश राजपूत, पार्षद सुरेश पटेल, अजय पटेल, बलराम यादव, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, कुलेश्वर साहू आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

---

# महर्षि वेदव्यास भारतीय संस्कृति की धरोहर : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर में 6 अगस्त को छत्तीसगढ़ शासन व उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रलय, नवा रायपुर के निर्देशानुसार महर्षि व्यास पूजन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ देवादास बंजारे ने की। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की प्रतिमा में पुष्प अर्पण के साथ हुआ जिसके पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पहार से किया गया।स्वागत की कड़ी के पश्चात कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए दर्शन एवं साहित्य के प्रणेता कृष्णद्वैपायन महर्षि वेदव्यास की प्रतिमा की पूजा अर्चना की गई। महर्षि व्यास के श्री चरणों में पुष्प अर्पण कर धूप दीप के साथ उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की गई। महर्षि वेदव्यास के विषय में महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रें ने अपने विचार व्यक्त किए साथ ही महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों की महत्व भूमिका रही। कार्यक्रम का अध्यक्ष प्रभारी प्राचार्य डॉ देवादास बंजारे ने महर्षि वेदव्यास की महिमा को लेकर कहा कि वे दर्शन एवं साहित्यके प्रणेता थे जिन्होंने योग एवं दर्शन के महत्व को जनमानस तक पहुंचाया।इसके साथ ही लोक कल्याणकारी ज्ञान एवं हमारी संस्कृति को सर्व सुलभ बनाया।उन्होंने बताया कि महर्षि एवं संत ही भारतीय संस्कृति के धरोहर रहे है जिनकी धैर्य और तप के आधार पर ही मानव जीवन में मूल्यों एवं संस्कार की आधारशिला रखी गई है।कार्यक्रम में नव प्रवेशी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की जानकारी संस्था के वरिष्ठ स्वयंसेवकों के द्वारा दी गई।कार्यक्रम की संयोजक राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में महर्षि वेदव्यास की पूजन से युवा पीढ़ी को उनकी प्राचीन संत परंपरा एवं ज्ञान से परिचित कराना तथा उनके आदर्शों को जीवन में उतारना था।



इस व्यास पूजा कार्यक्रम में के प्रो. रितेश गोलछा भौतिक संकाय, के प्रो. कमलेश्वर प्रसाद निषाद अंग्रेजी व्याख्याता के प्रोफोसर तीरथ राम कपूर राजनीति विभाग के व्याख्याता, प्रो.डॉ अल्का कौशिक वनस्पति विज्ञान के व्याख्याता, देवश्री कुर्रे हिन्दी अतिथि व्याख्याता, उर्वशी चंद्राकर अतिथि व्याख्याता व महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के दलनायिका सोहद्रा सिन्हा,दलनायिका विनिशा साहू, दिवा संगठक फनेश्वरी साहू, कल्याण साहू, प्रेस विज्ञप्ति हेमशरण, कृति सिन्हा, सांस्कृतिक प्रभारी लोकेश्वरी साहू, आर्यण, उर्वशी, पायल, भूमिका, मोना, ओमप्रकाश, डिगेश्वर, लेखनीनूतन शीतल अन्य स्वयंसेवक व महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं उपस्थित थे।


---

# नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल छुरा में राखी निर्माण प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

रक्षाबंधन पर्व के पावन अवसर पर नेशन्स प्राइड पब्लिक स्कूल, छुरा में राखी निर्माण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय द्वारा प्रत्येक शनिवार को आयोजित की जाने वाली शैक्षणिक, बौद्धिक एवं रचनात्मक गतिविधियों की श्रृंखला में इस सप्ताह यह विशेष आयोजन रखा गया था।

प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से 8वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रंग-बिरंगे धागों, मोतियों, सितारों तथा पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों का उपयोग करते हुए अत्यंत आकर्षक और कलात्मक राखियाँ तैयार कीं। बच्चों की कल्पनाशक्ति और कलात्मक अभिव्यक्ति देखते ही बनती थी। इस रचनात्मक आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान, रचनात्मकता का विकास तथा सांस्कृतिक मूल्यों का संवर्धन करना था। विद्यालय की प्रधानाचार्य संतोष निषाद ने इस अवसर पर कहा की इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों की छिपी प्रतिभा को उजागर करने के साथ-साथ उन्हें भारतीय संस्कृति की जड़ों से जोड़ने का कार्य करती हैं। इससे बच्चों में आत्मविश्वास और टीम भावना का भी विकास होता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के



शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से कृष्णेश कुमार यादव, यूनिश सर, अर्चना साहू, हमेश्वरी साहू, जया यादव, देवबती निषाद, उमेश्वरी यादव, मंजुलता साहू, हेमा साहू, खुशबू यादव, चितरंजनी निषाद, हसीं साहू, सुधा सेनापति शामिल थीं। इसके अतिरिक्त विद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य धन्नू सोरी, यश यादव, डिगेश ध्रुव, मिथलेश निषाद, राधा यादव, दशमत ध्रुव और हेमीन यादव ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल एक रचनात्मक अनुभव था, बल्कि यह भाई-बहन के पवित्र प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन के महत्व को भी उनके हृदय में स्थापित करने वाला अवसर बना।

---

# बकली के बालाराम मारकंडे का सीआईएसएफ में चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

बकली निवासी बालाराम मारकंडे का चयन बीएसएफ टेनिंग कंप्लीट कर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के लिए हुआ है। बाला के सम्मान में ग्राम वासियों ने गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। इस दौरान सभी ने बालाराम की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उसके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी। बालाराम मारकंडे लगातार मेहनत रंग लाई और उसका चयन हुआ बालाराम मारकंडे के पिता चरण मारकंडे भाई दिलीप मारकंडे चेतन मारकंडे अपने बेटे की इस सफलता से खुश हैं। उसके कर अपने जन्म भूमि आगमन पर फटाका फूल माला के साथ जोर शोर से स्वागत वंदन किया जिसमें सरपंच प्रतिनिधि हीराधर, साहू ओमप्रकाश साहू मालिकराम, जित्तू खुटे, लेखचन, संजय साहू दिनेश साहू दिलीप हरीश तारक, गणपत तारक, कमल देवांगन, गंगा यादव,अमरदास मिरि, मुकेश मिरि, भूपेश यादव, तुलादास,मुकेश पूरेना, नेमीचंद पटेल, संकर पटेल,परवीण सेन, और ग्राम युवा साथी वह पर उपस्थित रहे यह हमारे ग्राम व क्षेत्र के लिए गौरव की बात है की आज हमारे गाँव के जवान जो कि सीमा में हमारे वतन के रक्षा के लिए चयन हुवा है एवं जिला से एक ही का नाम चयन हुआ है।



---

# एसपी ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

मैनपुर विकासखंड के दूरस्थ वनांचल कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र के संवेदनशील ग्रामों में गुरुवार को गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने पहुंचकर एक ओर जहां ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, वहीं दैनिक उपयोग की सामग्री भी वितरित की गई। सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत पुलिस अधीक्षक अपनी टीम के साथ थाना मैनपुर अंतर्गत नक्सल प्रभावित ग्राम भालूडिग्गी पहुंचे। यहाँ उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में *ग्राम प्रमुखों, महिलाओं व युवाओं की उपस्थिति रही। ग्रामवासियों ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष बिजली, पानी, स्कूल भवन, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर अपनी बात रखी। इस पर एसपी राखेचा ने भरोसा दिलाया कि संबंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक एवं उनकी टीम द्वारा ग्रामीणों को दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री भी वितरित की गई। वितरण में *कपड़े, खाद्य सामग्री, घरेलू उपयोग की वस्तुएँ* शामिल थीं, जिससे ग्रामीणों में उत्साह और विश्वास का माहौल देखा गया। यह कार्यक्रम पुलिस-जन संवाद को मजबूत बनाने और विश्वास बहाली की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। एसपी निखिल राखेचा के इस पहल की ग्रामीणों ने सराहना करते हुए कहा कि इससे उन्हें सुरक्षा के साथ-साथ संवेदनशीलता का भी अहसास हुआ है।



**ग्रामीणों से संवाद कर वितरित की दैनिक सामग्री**

---

### जिले में हर घर तिरंगा अभियान की तैयारी जोरों पर

**गरियाबंद।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा-2025 कार्यक्रम का आयोजन देशभर में 2 से 15 अगस्त 2025 तक किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत गरियाबंद जिले में भी जनभागीदारी को प्राथमिकता देते हुए विशेष गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष कार्यक्रम का थीम हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग है। जिसका उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाना और स्वच्छता के प्रति जनचेतना को सशक्त बनाना। हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन तीन चरणों में हो रहा है। प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त तक, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त तक एवं तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक विभिन्न आयोजन होंगे। कलेक्टर ने विभिन्न कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए सभी एसडीएम जनपद सीईओ एवं नगरीय निकाय के सीएमओ तथा विभागीय अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के निर्देश दिए है। शासन के निर्देशानुसार सभी गतिविधियां आयोजित करने को कहा है। इसके लिए प्रभारी उप संचालक पंचायत के.एस. नागेश को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

---

**उपभोक्ताओं को मिल रही डबल सब्सिडी का लाभ**

# बछुरा में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत लगा स्टाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

नगर में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत विद्युत विभाग द्वारा जनजागरूकता हेतु स्टाल लगाया गया। इस दौरान सहायक अभियंता यू. एस. दीवान ने बताया कि राज्य शासन द्वारा भी सब्सिडी प्रदान किए जाने से केंद्र और राज्य सरकार की *डबल सब्सिडी* का लाभ उपभोक्ताओं को मिल रहा है, जिससे रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने की लागत काफी कम हो गई है।

उन्होंने जानकारी दी कि योजना के तहत सोलर प्लांट स्थापित कर उपभोक्ता आगामी 25 वर्षों तक अपनी छत पर स्वयं बिजली उत्पन्न कर सकेंगे। वर्तमान में हॉफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट खपत पर 200 यूनिट की छूट मिल रही है, वहीं सोलर प्लांट लगाने से उपभोक्ता लगभग शून्य बिजली बिल की स्थिति में पहुँच सकेंगे।



सहायक अभियंता दीवान ने बताया कि 1 किलोवाट एवं 2 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट पर 75% तक की सब्सिडी दी जा रही है। साथ ही, बैंकों से आसान किस्तों (EMI) में भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

उन्होंने बताया कि पीएम सूर्यघर योजना में आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। इच्छुक उपभोक्ता पीएम सूर्यघर पोर्टल या मोबाइल एप, मोर बिजली एप, सीएसपीडीसीएल वेबसाइट, या टोल फ्री नंबर 1912 के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु उपभोक्ता *स्थानीय बिजली कार्यालय* में संपर्क कर सकते हैं।

**31 लाख जरूरतमंदों को लाभ**

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हॉफ बिजली बिल योजना में हाल ही में 100 यूनिट तक की खपत पर 50% रियायत का निर्णय लेने के बाद भी छत्तीसगढ़ के 31 लाख जरूरतमंद और कमजोर वर्ग के उपभोक्ताओं को पूर्ववत लाभ मिलता रहेगा। छुरा क्षेत्र के लाभान्वित उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली बिल लगभग शून्य होने से वे अत्यंत प्रसन्न हैं। यह योजना उपभोक्ताओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है, जिससे वे ऊर्जा उपभोक्ता से ऊर्जादाता की भूमिका में आ सकेंगे।

PAWAN CONSULTANCY
• MBBS, MS/MD • B. Tech, M. Tech., B. Arch, M. Architecture
• BDS, MDS • AGRICULTURE, FASHION, INTERIOR
• BAMS • ITI, POLYTECHNIC, FILM INDUSTRY
• BHMS • BBA, MBA
• BNYS • LLB, LLM
• BPT • BCA, MCA
• NURSING • VETERINARY
• PARAMEDICAL • B.Lib, M.Lib
• D. PHARMA • Nursery to Class 12th (All subject)
• B. PHARMA • All Other (B.A. (Hons.) B.Sc., B.Com, BCA, BJMC)
• M. PHARMA • PHD, NEET, JEE, CAT, PSC, TALLY ADMISSION
We See A DOCTOR in You
"Let's Build Your Medical Career Together"
We Provide Govt., Deemed University, NRI & Management Quota Seat Guidance & Admission
Contact for BSC, MSC Nursing Free Admission In New Raipur
Govt./Pvt. Universities & Collages DCA/PGDCA/ Tally Admission with Job Placements
• Engineering Pharmacy On Upto 100% Scholarship
• Education Loan Facility • On The Spot Admission
Omkar Palace, Kushalpur Chowk, Ring Road-1, Raipur 492001
Shop No. 28, Ground Floor, Hira Arcade, Pandri, Raipur 492004
9993234534, 8305305366

**खबर संक्षेप**



## कृष्ण जन्माष्टमी पर शराब दुकान बंद करने की मांग

**मैनपुर।** सर्व यादव समाज महिला प्रकोष्ठ की पूर्व कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व जिला पंचायत सभापति श्रीमती धनमति यादव के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधियों और वरिष्ठजनों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर एक महत्वपूर्ण मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में आगामी 16 अगस्त 2025 को कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राज्यभर में शराब दुकानों को बंद रखने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जैसे पावन पर्व पर शांति, सद्भावना और धार्मिक भावना को ध्यान में रखते हुए प्रदेश भर की समस्त शराब दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया जाए। इस अवसर पर सरपंच संघ अध्यक्ष पवन यादव, अर्जुन यादव, चंदन सोनी, गोमती यादव सहित समाज के प्रमुख सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अपराध मुक्त समाज की ओर जिला पुलिस हेल्पलाइन नंबर जारी

**गरियाबंद।** जिले को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने आमजन से आपराधिक गतिविधियों की जानकारी साझा करने के लिए विशेष व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 94792-25884 जारी किया है। पुलिस अधीक्षक राखेचा ने बताया कि अब कोई भी नागरिक अपने क्षेत्र में होने वाली आपराधिक गतिविधियों की जानकारी इस नंबर पर व्हाट्सएप के माध्यम से भेज सकता है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। गोपनीयता को प्राथमिकता देते हुए यह भी स्पष्ट किया गया है कि जानकारी देने वाले व्यक्ति का नाम और पता पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा। गरियाबंद पुलिस की यह पहल न सिर्फ आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाती है, बल्कि सामूहिक सहयोग से अपराध नियंत्रण की दिशा में एक सशक्त प्रयास भी है।

## पालक शिक्षक बैठक में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर की चर्चा

**अभनपुर।** राज्य शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार व कलेक्टर रायपुर के मार्गदर्शन में 7 अगस्त को विधायक अभनपुर इन्द्र कुमार साहू के मुख्य आतिथ्य एवं उपस्थिति में पी एम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी हिन्दी माध्यम स्कूल अभनपुर में विकास खंड स्तरीय मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र कुमार साहू ने अपने संबोधन में कहा है कि पालकों को शिक्षकों द्वारा किए गए कार्यों में सहभागिता देनी चाहिए। कार्यक्रम के आयोजक विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती धनेश्वरी साहू ने अपने संबोधन में कहा है कि बच्चे फूलों कि तरह होती है जिसके विकास के लिए दो माली कि आवश्यकता होती है एक है शिक्षक और दूसरा है पालक इन दोनों के प्रयास से ही हम पौधे रूपी बच्चों का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं।

**मांग : पर्यटकों के लिए नहीं है सुविधाएं, पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग**

# उदंती में देवधारा जलप्रपात का मनमोहक सौंदर्य, अगस्त तक पर्यटकों के लिए बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व का घना जंगल पर्यटकों के लिए हमेशा से आकर्षण का केंद्र रहा है। मानसून के मौसम में यहां के प्राकृतिक स्थल और भी खूबसूरत हो जाते हैं। बारिश के दिनों में जलप्रपात पूरे शबाब पर होते हैं और उनकी सुंदरता कई गुना बढ़ जाती है। हाल ही में हुई झमाझम बारिश के बाद देवधारा जलप्रपात का सौंदर्य और भी निखर गया है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं के कारण वन विभाग ने सुरक्षा की दृष्टि से इन जलप्रपातों में पर्यटकों के आने-जाने पर फिलहाल रोक लगा दी है। यह प्रतिबंध अगस्त 2025 तक लागू रहेगा। हालांकि, वन विभाग को सूचना देकर और गाइड के साथ यहां जाया जा सकता है।

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 30 किमी दूर स्थित देवधारा जलप्रपात कुल्हाड़ीघाट मार्ग से होते हुए पहुंचा जा सकता है। यह प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर स्थल है, जो दो पहाड़ियों के बीच इंद्रावन नदी पर स्थित है। इसके ऊपर भाई दाहरा, हाथ दाहरा, नागरशील और कई रमणीय सरोवर हैं, जहाँ साल भर पानी भरा रहता है।

यह जलप्रपात राजकीय पशु वन भैंसों के लिए विख्यात उदंती अभ्यारण्य क्षेत्र के घने जंगल में है। यहाँ तक पहुँचने के लिए दो रास्ते हैं: एक देवभोग-रायपुर मुख्यमार्ग से डुमरपड़ाव, जांगड़ा और पायलीखंड होते हुए, और दूसरा मैनपुर, कुल्हाड़ीघाट, बेसराझर होते हुए। वन विभाग ने यहाँ तक पहुँचने के लिए कच्ची सड़क का भी निर्माण कराया है।



### पर्यटन स्थल के रूप में उपेक्षा

देवधारा जलप्रपात आने वाले पर्यटकों का मन मोह लेता है और उनके दिलों में एक अमिट छाप छोड़ता है। यह मैनपुर ब्लॉक के प्राकृतिक धरोहरों में से एक है। इसकी मनमोहक सुंदरता के बावजूद, यह क्षेत्र अभी भी पर्यटन स्थल के रूप में पूरी तरह से अविकसित है। यहाँ मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जिससे पर्यटकों को परेशानी होती है। स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधि इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों को हमेशा नजरअंदाज किया गया है। स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

### धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व

देवधारा जलप्रपात क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक माना जाता है। यहाँ कई देवी-देवताओं के स्थान हैं, जहाँ दशहरा और नवरात्रि के दौरान विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। यहाँ माघी पुन्नी पर मेला भी लगता है। पिछले समय में, तत्कालीन कलेक्टर निरंजन दास ने इस स्थल को पर्यटन के रूप में विकसित करने का आश्वासन दिया था। बारिश के दिनों में 60 से 70 फुट की ऊंचाई से गिरता पानी और चट्टानों से टकराकर बनती प्राकृतिक छटा देखने लायक होती है, जो पर्यटकों को बेहद आकर्षित करती है।





## गजेंद्र 92 किग्रा राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम

**छुईहा बेलर।** ग्राम रावड़ के युवा गजेंद्र साहू ने हाल ही में बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में 92 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने गाँव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है, जो सभी के लिए गर्व और खुशी का क्षण है। उनकी इस शानदार सफलता के उपलक्ष्य में, ग्राम रावड़ में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में राजिम के विधायक रोहित साहू और छत्तीसगढ़ शासन के राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष तथा पूर्व सांसद चंदू लाल साहू ने अपने कर कमलों से गजेंद्र साहू को सम्मानित किया। इस अवसर पर, उनकी सफलता को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया गया। सम्मान समारोह में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें जिला पंचायत सदस्य नंदिनी ढीढी, सरपंच माधुरी हलधर साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता रामाधार साहू, कवि टीकम चंद सेन, जनपद सदस्य पूजा भारती, उप सरपंच तामेश्वर सोनी, दौलत साहू, कपिल साहू, और दिनेश साहू शामिल थे। इन सभी के साथ-साथ, बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने भी गजेंद्र को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# ब्रह्मकुमारी बहनों ने कैदियों को बांधी राखी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन इस बार गरियाबंद जिला जेल में एक भावुक माहौल में मनाया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जेल में बंद कैदियों को राखी बाँधी गई और तिलक लगाकर मिठाइयाँ खिलाई गईं। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी दीदीयों ने न सिर्फ कैदियों की कलाई पर रक्षासूत्र बाँधा, बल्कि उनके दिलों में उम्मीद, आत्मसम्मान और सकारात्मकता का भाव भी संजोया। उन्होंने कैदियों को यह संदेश दिया कि वे अकेले नहीं हैं, समाज आज भी उन्हें प्रेम और सम्मान की दृष्टि से देखता है। कार्यक्रम का उद्देश्य कैदियों को उनके अतीत की गलतियों से निराश न होकर, भविष्य में एक अच्छा इंसान बनने के लिए प्रेरित करना था। बहनों ने कहा कि रक्षाबंधन सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि यह एक संकल्प है अच्छाई की राह पर चलने और आत्म-परिवर्तन की ओर कदम बढ़ाने का। इस मौके पर जेल अधीक्षक रवि कुमार भूआर्य सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। अधीक्षक ने ब्रह्मकुमारी संस्था का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन कैदियों के मानसिक और भावनात्मक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कैदियों ने भी इस पहल को दिल से सराहा और बहनों का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह राखी उनके लिए सिर्फ धागा नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत की डोर है। ब्रह्मकुमारी दीदीयों ने कहा कि वे हर वर्ष जेल आकर उन भाइयों के साथ राखी मनाती हैं, जिनकी बहनें दूर हैं। यह त्यौहार उनके लिए एक संदेश है हर इंसान को सुधार का मौका मिलना चाहिए और हर दिल में आशा का दीप जलना चाहिए।

# संभाग स्तरीय वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में चिराग और पंकज का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



शिक्षा विभाग के तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय शालेय कीड़ा चयन प्रतियोगिता मिनी स्टेडियम छुरा में आयोजित हो रहा है, विद्यालय छात्र-छात्राओं के खेल प्रतिभा को निखारने के लिए प्रति वर्ष विविध कीड़ा प्रतियोगिता आयोजन विभिन्न स्तरों पर किया जाता है। इस प्रतियोगिता में 14, 17, 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक, बालिका भाग ले सकते हैं विकासखंड शिक्षा अधिकारी के निर्देश में आज जिला स्तरीय भारोत्तोलन बालक वर्ग आयु वर्ग 17, 19 चयन प्रतियोगिता संपन्न हुआ। 12 अगस्त बालक वर्ग कबड्डी 13 अगस्त बालिका वर्ग कबड्डी मिनी स्टेडियम छुरा में होगी एवंआदि खेलों का प्रतियोगिता कैलेंडर अनुसार आयोजित किया जाएगा विकासखंड स्तर पर चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे, वेटलिफ्टिंग जिला स्तरीय खेल में चिराग साहू एवं पंकज साहू स्वामी आत्मानंद उत्कृष्टहिंदी माध्यम विद्यालय छुरा खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तर के लिए हुआ है। गरियाबंद वेटलिफ्टिंग संघ के खिलाड़ी हैं, खेल प्रतियोगिता को संपन्न करने के लिए विकासखंड नोडल डोमेश्वर कुमार ध्रुव, राजू साहू, पूरन साहू, पंकज साहू, रामप्रसाद साहू, संजीत कुमार निषाद, बलिराम टंडन, ईश्वर सेन, वसीम कुरेशी, खिलेश्वर साहू वरिष्ठ शिक्षक टंकेश्वर मरकाम एवं वेटलिफ्टिंग के मैनेजर शीतल ध्रुव समाजसेवी, देवेंद्र ठाकुर कोच विशेष सहयोग रहा, स्कूल शिक्षा विभाग के प्रोटोकॉल अनुसार सभी विधाओं का चयन किया जा रहा है आगामी प्रतियोगिता के लिए विकासखंड के सभी विद्यालयों से विभिन्न आयु वर्ग अनुसार बालक बालिकाएं खेल विधाओं में भाग ले सकते हैं।

## देहारगुड़ा में तुलसी जयंती पर मानस गान सम्मेलन का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर से 4 किमी दूर ग्राम पंचायत देहारगुड़ा में गुरुवार को श्रीराम चरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के अवसर पर भव्य मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन महिला मंडल देहारगुड़ा एवं मां पैरीगंगा मानस मैनपुर के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर देहारगुड़ा, गढ़ियाभाठा, छोटेगोरा, जिड़ार, हरदीभाठा की मानस मंडलियों द्वारा संगीतमय श्रीरामचरितमानस पाठ प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही और पूरे वातावरण में भक्ति व अध्यात्म की गूंज सुनाई दी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच महेश दीवान, ग्राम पटेल पवन दीवान, हरिशचंद नेगी, पूर्व सरपंच देवन नेताम, प्रधान पाठक चित्रसेन पटेल सहित रामप्रसाद दीवान, जुगलाल दीवान, सदाराम, अमृतचंद, संजय दीवान, लीलाधर, किर्तन, भारत, ओमप्रकाश वैष्णव व अनेक क्षेत्रीय वरिष्ठजन उपस्थित रहे। श्रद्धा, समर्पण और सामूहिक सहभागिता से परिपूर्ण यह आयोजन ग्रामवासियों के लिए एक आध्यात्मिक प्रेरणा का स्त्रोत बना।

# आत्मानंद हिंदी माध्यमिक स्कूल छुरा में बीईओ ने किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

विकासखंड शिक्षा अधिकारी किशुन लाल मतावले ने शासकीय आत्मानंद हिंदी माध्यमिक स्कूल छुरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों की डेली डायरी का अवलोकन किया तथा मासिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा की। उन्होंने कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें *उपचरात्मक शिक्षण* प्रदान करने के निर्देश दिए। परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के लिए सभी कक्षाओं में विषयवार ब्लूप्रिंट चस्पा करने और छात्रों को ब्लूप्रिंट लिखवाने के निर्देश भी दिए, ताकि वे प्रेरित हो सकें।साथ ही, छात्रों से उनका शैक्षणिक लक्ष्य निर्धारित करवाकर ड्राइंग शीट में लिखवाने और कक्षा में प्रदर्शित करने को कहा गया। यह पहल छात्रों को लक्ष्य के प्रति सजग और प्रेरित बनाएगी। निरीक्षण के दौरान श्री मतावले ने यह भी निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार अध्ययन कार्य सुनिश्चित किया जाए। प्रार्थना सभा में उन्होंने बच्चों को प्रेरणादायक बातें कहकर उत्साहित किया और अच्छे परिणाम लाने के लिए आवश्यक टिप्स भी साझा किए।



### हड्डी विशेषज्ञ ओमप्रकाश साहू का हुआ सम्मान

**छुरा।** नगर के प्रख्यात पारंपरिक हड्डी विशेषज्ञ ओमप्रकाश साहू का सम्मान प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में किया गया। इस विशेष अवसर पर महासमुंद विधायक राजू सिन्हा, पूर्व विधायक विमल चोपड़ा, एवं जिला अध्यक्ष हेतराम साहू भी मौजूद रहे। विधायक राजू सिन्हा ने ओमप्रकाश साहू की सेवाओं की खुले दिल से सराहना की और कहा कि उन्होंने वर्षों से लोगों को लाभ पहुंचाया है। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश के विभिन्न कोनों में ऐसे पारंपरिक जानकार मौजूद हैं, जो जड़ी-बूटियों के माध्यम से इलाज करते हैं। सरकार ऐसे विशेषज्ञों को आगे लाने और उनके ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि जड़ी-बूटी से अनेक बीमारियों का इलाज संभव हो सके। इस सम्मान समारोह में साहू समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, मानसिंह निषाद, और नरोत्तम साहू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।




**हर घर तिरंगा जन-जन का अभियान**

# तिरंगा गौरव का प्रतीक : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाया जा रहा /"हर घर तिरंगा/" अभियान अब एक जनआंदोलन का रूप ले चुका है। यह केवल राष्ट्रीय ध्वज को घरों पर फहराने का आह्वान नहीं है, बल्कि यह देश के कोने-कोने में राष्ट्रप्रेम की भावना को जीवित करने का संकल्प है। विधायक रोहित साहू ने क्षेत्रवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि 15 अगस्त तक सभी नागरिक अपने-अपने घर, दुकान एवं संस्थान में तिरंगा अवश्य फहराएं। तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे हर घर तिरंगा डॉट कॉम पोर्टल पर अपलोड करें और इस अभियान को डिजिटल समर्थन भी दें। 15 अगस्त की संध्या को तिरंगे को सम्मानपूर्वक उतारना भी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने यह भी अपील की कि अपने क्षेत्र में स्वच्छता अभियान में सक्रिय भाग लें। शहीदों एवं वीर जवानों के परिजनों का सम्मान करें। मोहल्ला, गांव व नगरों में तिरंगा यात्रा निकालें और देशभक्ति के रंग में रंग जाएं।/"हर घर तिरंगा/" न सिर्फ आजादी के अमृत महोत्सव की भावना को जीवंत करता है, बल्कि यह हमारे संविधान, हमारी एकता और हमारी सांस्कृतिक के पहचान को भी मजबूती देता है। आइए, हम सब मिलकर इस स्वतंत्रता दिवस को एकजुटता, उत्साह और गर्व के साथ मनाएं, और पूरे राजिम क्षेत्र को तिरंगे की शान से सराबोर कर दें।

